# हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**आलमबाग (एसएनबी)।** रायबरेली रोड स्थित भारतीय गन्ना अनुसन्धान संस्थान में 14 से 30 सितम्बर तक हिंदी पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और शनिवार जिनके विजयी प्रतिभागियों को संस्था के निदेशक डॉदृ अश्वनी दत्त पांडे के कर कमलों द्वारा संस्थान के प्रेक्षागृह में संस्था के 89 कर्मियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी होने पर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सम्मानित सदस्य सोहन लाल उकील द्वारा राजभाषा हिंदी एवं संस्कृत विषय पर व्याख्यान देते हुए आहवाहन किया कि हमे अपनी भाषा पर गर्व करते हुए किसी अन्य भाषा के शब्दों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए।

उन्होंने संस्कृत भाषा को सभी भाषाओं की जननी बताते हुए कहा कि सामान्य हिंदी प्रयोग मे छोटी छोटी त्रुटियों को रेखांकित करते हुए क्रिया वाचक मूल शब्दो पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर राजभाषा प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ अजय कमाए शाह ने पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं एवं संस्थान द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला ।

# 'अपनी भाषा पर गर्व करें'

■ एनबीटी, लखनऊ : भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में चल रहे हिंदी पखवारे के तहत शनिवार को हुई अलग-अलग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## हिंदी पखवारे के तहत विजेताओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सदस्य सोहन लाल ने राजभाषा और संस्कृत विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा पर गर्व करें और हिंदी बोलते हुए कम से कम अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल करें। पुरस्कार वितरण समारोह में निदेशक डॉ. अश्विनी दत्त पाठक, राजभाषा प्रभारी डॉ. एके शाह शामिल रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के 89 कर्मचारियों को अलग-अलग प्रतियोगिताओं में पहले, दूसरे, तीसरे और सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाणपत्र और धनराशि दी गई।

# सामना एक्टिविस्ट

## हिंदी बोलते हुए कम से कम अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग करे : सोहन लाल




**लखनऊ, 28 सितम्बर 2019:** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में हिंदी पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया गया. पुरस्कार वितरण समारोह में निदेशक डॉ.अश्विनी दत्त पाठक, राजभाषा प्रभारी डॉ.एके साह तथा आमंत्रित मुख्य वक्ता मंच पर उपस्थित थे। इस अवसर पर यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सम्मानित सदस्य सोहन लाल उकील ने एक व्याख्यान में कहा कि अपने भाषा पर गर्व करें तथा हिंदी बोलते हुए कम से कम अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग करें. उन्होन्ने संस्कृत को सभी भाषाओं की जननी बताया तथा सामान्य हिंदी प्रयोग में छोटी-छोटी त्रुटियों को रेखांकित करते हुए क्रिया वाचक मूल शब्दों पर प्रकाश डाला.

**भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान**

भाषा के पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान की 89 कार्मिकों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रमाण पत्र एवं परितोषिक राशि संस्थान के निदेशक डॉ. अश्विनी दत्त पाठक ने प्रदान किया. इस अवसर पर राजभाषा प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार साह ने पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं एवं संस्थान द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. आयोजित प्रतियोगिताओं जैसे- यूनिकोड में हिंदी टंकण, टिप्पणी प्रपत्र लेखन, आदेश/समझौता ज्ञापन लेखन, निबंध, अशुभाषण, शोध कार्यों का प्रस्तुतीकरण, मिठास ट्राफी, इक्षु लेख, वर्ष भर में हिंदी कार्य की समीक्षा, हिंदी में सामान्य ज्ञान पर प्रश्नोत्तरी, अंत्याक्षरी इत्यादि में संस्थान के लगभग 200-250 कर्मिकों ने भाग लिया. पखवाड़ा का शुभारंभ "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का राजभाषा चिंतन" विषय पर व्याख्यान से किया गया था. पखवाड़ा में "पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता" विषय पर एक हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया. इस विषय पर ब्रजेन्द्र पाल सिंह (राष्ट्रीय संगठन मंत्री, लोक भारती मुख्य वक्ता ) ने अपने पारिवारिक जीवन में परिवर्तन करते हुए मंगल परिवार बनाने का अहवाहन किया.पखवाड़ा में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ जिसमें देश-प्रदेश के सात प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत किया. समापन समारोह का संचालन हिंदी अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने किया.